# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-399

दिनांक-12-02-2025

## जोन- पश्चिमी/थाना- ठाकुरगंज

- **गैस सिलेण्डर की अवैध रिफिलिंग कर कालाबाजारी करने वाले 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **कब्जे से कुल 62 अदद अवैध गैस सिलेण्डर बरामद।**
- **थाना ठाकुरगंज व आपूर्ति विभाग की सयुंक्त पुलिस टीम की कार्यवाही।**

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 12.12.2024 को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि दुबग्गा मार्ग पर स्थित रिंग रोड पुलिस चौकी के सामने शराब ठेके के बगल जाने वाले बेगारिया सड़क के पास अवैध रिफिलिंग की जाती है उक्त सूचना पर थाना ठाकुरगंज पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश देकर कुल 61 घरेलू गैस सिलेण्डर (14.2 कि०गा०) तथा 01 व्यावसायिक सिलेण्डर (19 कि०ग्रा०) बरामद किया गया व 04 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर लिया गया।

तत्पश्चात उ0नि0 श्री शुभम कुमार द्वारा पूर्ति निरीक्षक याहियागंज लखनऊ श्री अमित प्रसाद को बुलाकर मौके पर मुआयना करवाया गया तो समस्त सिलेण्डर गैस रिफिलिंग के साथ अवैध पाये गये। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-075/2025 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधि0 1955 थाना ठाकुरगंज लखनऊ पंजीकृत कराया गया। समस्त अभियुक्तगण के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण –**

01.सकिन्द्र साहनी पुत्र राजेन्द्र साहनी उम्र 34 वर्ष निवासी धनुपुरा गांव थाना सरइँया, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार

02. अरविन्द कुमार यादव पुत्र सूरजबली उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम हलुवापुर, काकोरी, लखनऊ

03. दुलारे पुत्र मोती लाल उम्र 50 वर्ष निवासी भवानीखेड़ा, काकोरी, लखनऊ

04. बब्लू पुत्र अमर नाथ श्रीवास्तव उम्र-34 वर्ष निवासी माधवपुर थाना-ठाकुरगंज, लखनऊ

**बरामदगी का विवरण-**

कुल 61 अदद घरेलू गैस सिलेण्डर (14.2 कि0ग्रा0) तथा 01 अदद व्यावसायिक सिलेण्डर (19 कि०ग्रा०), सभी सिलेण्डर इण्डेन कंपनी के हैं।

बरामद सभी घरेलू सिलेण्डर मानक ( 14.2 कि0ग्रा0) व व्यावसायिक सिलेण्डर (19 कि0ग्रा0) में तौल में मानक से कम गैस पाया गया।

**अनावरित अभियोग-**

01-मु0अ0सं0- 0075/2025 धारा 3/7 आवश्यक वस्तु अधि0 1955 थाना ठाकुरगंज लखनऊ

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

**01.**उ0नि0 श्री शुभम कुमार थाना ठाकुरगंज लखनऊ

**02.**उ0नि0 श्री जोगेन्द्र सिंह थाना ठाकुरगंज लखनऊ

**03.**उ0नि0 श्री रोहित वाचा थाना ठाकुरगंज लखनऊ

**04.**का0 जितेन्द्र सिंह थाना ठाकुरगंज लखनऊ

**05.**आपूर्ति विभाग की टीम लखनऊ

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-400**

**दिनांक-12-02-2025**

## वेलेंटाइन्स डे पर महिला सुरक्षा के दृष्टिगत लखनऊ पुलिस के कड़े सुरक्षा प्रबन्ध

- **पार्क, मॉल और स्कूल-कॉलेजों के बाहर एंटी-रोमियो स्क्वॉड तैनात कर रखी जायेगी पैनी नजर**
- **हुड़दंगियों, अराजक तत्वों व अभद्रता करने वालों पर ड्रोन और सीसीटीवी से सख्त निगरानी**
- **शराब पीकर गाड़ी चलाई तो पुलिस की कार्यवाही से बचना नामुमकिन, ट्रैफिक पुलिस अलर्ट**
- **100 पिंक बूथ-100 पिंक स्कूटी और सेफ सिटी कंट्रोलरूम से हाई-टेक निगरानी से सख्ती**

14 फरवरी शुक्रवार वेलेंटाइन्स डे को देखते हुए लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने शहरभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। किसी भी तरह की अव्यवस्था, हुड़दंग या महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाओं को रोकने के लिए पार्क, मॉल, रेस्टोरेंट, ऐतिहासिक स्थलों (मान्यूमेंट्स), स्कूल-कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। एंटी-रोमियो स्क्वॉड, स्थानीय पुलिस और विशेष टीमों को अलर्ट मोड में रखा गया है।

**संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी**

लखनऊ पुलिस ने शहर के संवेदनशील इलाकों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है। साथ ही, प्रमुख स्थानों पर पुलिस गश्त बढ़ाई गई है।

**पार्कों, मॉल और रेस्टोरेंट्स पर कड़ी नजर**

वेलेंटाइन्स डे पर सबसे अधिक भीड़ पार्कों में उमड़ती है, इसलिए पुलिस ने गौतम बुद्ध पार्क, जनेश्वर मिश्रा पार्क, लोहिया पार्क, रिवरफ्रंट, कुकरैल पिकनिक स्पॉट, और चिड़ियाघर में सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस की टीमों को पार्कों के मुख्य द्वारों और अंदर तैनात किया जाएगा। युवा वर्ग वेलेंटाइन्स डे पर फीनिक्स प्लासियो, फीनिक्स यूनाइटेड, लुलु मॉल, सहारागंज मॉल और कई बड़े रेस्टोरेंट्स में समय बिताते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, मॉल और रेस्टोरेंट्स के बाहर भी पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी भी निगरानी करेंगे ताकि किसी तरह की अनुशासनहीनता को तुरंत रोका जा सके।

**पिंक बूथ और पिंक स्कूटी से महिला सुरक्षा होगी और मजबूत**

महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शहरभर में 100 पिंक बूथ और 100 पिंक स्कूटी तैनात की गई हैं। इसके अलावा, 10 पिंक चार पहिया गाड़ियां भी पेट्रोलिंग करेंगी, जिससे महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद पा सकेंगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए हर संवेदनशील इलाके में इन टीमों की खास निगरानी रहेगी। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एंटी-रोमियो स्क्वॉड की विशेष टीमों को गर्ल्स कॉलेज, यूनिवर्सिटी, कोचिंग संस्थानों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के बाहर तैनात किया गया है।

किसी भी तरह की छेड़खानी, अभद्रता या अवांछित गतिविधियों पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए **महिला हेल्पलाइन 1090** और **आपातकालीन नंबर 112** को सक्रिय कर दिया गया है। किसी भी आपात स्थिति में महिलाएं इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सकती हैं।

**ऐतिहासिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा**

लखनऊ के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जैसे बड़ा इमामबाड़ा, रेजीडेंसी, अंबेडकर पार्क, क्लॉक टावर, और हजरतगंज मेट्रो स्टेशन आदि पर भी पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इन स्थानों पर विशेष निगरानी के लिए महिला पुलिसकर्मियों की टीम को भी तैनात किया गया है।

**ड्रोन और सीसीटीवी से रखी जाएगी नजर**

लखनऊ पुलिस आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी कैमरों से पूरे शहर की निगरानी की जाएगी। खासकर हजरतगंज, गोमती नगर, आलमबाग, अलीगंज और चौक जैसे व्यस्त इलाकों में ड्रोन से नजर रखी जाएगी। पूरे शहर में पुलिस हाई-टेक निगरानी करेगी। सेफ सिटी कंट्रोल रूम में 1000 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से शहर के संवेदनशील इलाकों पर पैनी नजर रखी जाएगी। ड्रोन कैमरों का भी इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई हो सके।

**सोशल मीडिया पर भी निगरानी**

लखनऊ पुलिस साइबर टीम को भी अलर्ट पर रखा गया है। किसी भी तरह की अश्लील, आपत्तिजनक या भड़काऊ पोस्ट पर तुरंत कार्यवाही की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही होगी।

**शहरवासियों के लिए पुलिस की अपील**

लखनऊ पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं कोई संदिग्ध गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। किसी भी तरह की कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वाली हरकतों पर सख्त कार्यवाही होगी। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया है कि अशांति फैलाने, छेड़छाड़ करने, सार्वजनिक स्थलों पर अभद्रता करने या हुड़दंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों और ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही होगी।

**"वेलेंटाइन्स डे को लेकर लखनऊ में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस टीमें पूरी तरह तैयार हैं। महिला सुरक्षा और सार्वजनिक शांति को ध्यान में रखते हुए कई स्तरों पर सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील की है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके।"**

**रवीना त्यागी**
पुलिस उपायुक्त सेंट्रल जोन/नोडल अधिकारी मीडिया सेल
पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-398**
**दिनांक-12.02.2025**

## जोन दक्षिणी/थाना गोसाईगंज

- **नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अपहृता को सकुशल किया गया बरामद।**

**संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक **12.02.2025** को थाना गोसाईगंज पुलिस टीम द्वारा नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ बलात्कार करने वाले अभियुक्त **राजीव यादव पुत्र शिवजीराय यादव निवासी चकमैला थाना डुमरा जनपद सीतामढ़ी, बिहार** को गिरफ्तार किया गया है। अपहृता को सकुशल दिल्ली से बरामद किया गया।

दिनांक 20.09.2024 को वादी मुकदमा द्वारा स्वयं की नाबालिग पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष को अभियुक्त राजीव यादव उपरोक्त के द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में अभियोग मु0अ0सं0 386/24 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के द्वारा अपहृता को ले जाकर बार-बार लोकेशन बदलकर निवास किया जा रहा था।

अभियुक्त की लोकेशन कोलकाता, दिल्ली एवं सीतामढ़ी (बिहार) की पाये जाने पर थाना स्थानीय की पुलिस द्वारा सम्बन्धित स्थानों पर जाकर दबिश दी जा रही थी। जिसके क्रम में दिनांक 09.02.2025 को अभियुक्त व अपहृता की लोकेशन करोल बाग, दिल्ली की आने पर पुलिस टीम द्वारा दिल्ली जाकर अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया गया, किन्तु अभियुक्त भीड़ का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला।

संकलित साक्ष्यों एवं अपहृता के मा0 न्यायालय के समक्ष दिये गये धारा 183 बीएनएसएस के बयान में अभियुक्त के द्वारा उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाये जाने की बात के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 64(2m)/65(1)/87 बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी।

अभियुक्त आज दिनांक 12.02.2025 को पुनः अपहृता से मिलने उसके घर थाना क्षेत्र गोसाईगंज आ रहा था कि तभी सूचना पाकर थाना स्थानीय की पुलिस द्वारा अभियुक्त को हबुआ पुल इन्दिरा नहर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही कर नियमानुसार अभियुक्त को जेल भेजा गया है।

**नाम पता अभियुक्त–**

01-राजीव यादव पुत्र शिवजीराय यादव निवासी चकमैला थाना डुमरा जनपद सीतामढ़ी, बिहार उम्र करीब 22 वर्ष

**आपराधिक इतिहासः-**

**01-**मु0अ0सं0 386/24 धारा 64(2m)/65(1)/87/137(2) बीएनएस व 5L/6 पाक्सो एक्ट थाना गोसाईगंज, लखनऊ

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

1. **उ0नि0 श्री मनिन्दर सिंह**
2. का0 शिवप्रताप

थाना स्थानीय की पुलिस टीम व सर्विलांस सेल टीम पश्चिमी जोन की द्वारा सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों व इलेक्ट्रानिक साक्ष्य की मदद से महिला की पहचान करते हुए महिला को थाना राजघाट क्षेत्र जनपद गोरखपुर से गिरफ्तार किया गया।

महिला से पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ की गयी जिसके फलस्वरुप दिनांक 11.02.2025 को समय 17.00 बजे अभियुक्ता अफसरी पुत्री बच्चन निवासी-ग्राम रुकमानपुर थाना राजघाट जनपद गोरखपुर उम्र 50 वर्ष उपरोक्त की निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार महिला के परिचित व्यक्ति के निवास स्थान-मोहल्ला सराय आगामीर थाना चौक से मुकदमे से सम्बन्धित पीली धातु की छोटी नथ ,बडी नथ ,नथ की लडियाँ (कुल वजन 629.6 ग्राम) बरामद की गयी तथा अभियुक्ता महिला को मु0अ0सं0-30/25 धारा 305(क)/317(2)बीएनएस में गिरफ्तार किया गया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्ता-**

01-अफसरी पुत्री बच्चन निवासी-ग्राम रुकमानपुर थाना राजघाट जनपद गोरखपुर उम्र 50 वर्ष

**अनावरित अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 30/2025 धारा 305(2)/317(2) बीएनएस थाना चौक लखनऊ

**बरामदगी का विवरण –**

पीली धातु के आभूषण 629.6 ग्राम (अनुमानित कीमत 70 लाख रूपये )

**गिरफ्तार कर्ता टीम का विवरण-**

1. उ0नि0 पकंज कुमार यादव, चौकी प्रभारी चौक, थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ
2. उ0नि0 श्री गौरव बाजपेई, चौकी प्रभारी नक्खास, थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ
3. उ0नि0श्री अंकित कुमार, सर्विलांस सेल पश्चिमी जोन लखनऊ
4. प्रशि0 म0उ0नि0 स्वाति चौधरी, थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ
5. का0 अजीत कुमार, थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ
6. का0 नवनीत कुमार, थाना चौक कमिश्नरेट लखनऊ
7. म0का0 दीक्षा पटेल, थाना चौक कमिश्रेट लखनऊ

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-397

दिनांक 12.02.2025

## जोन-पश्चिमी/थाना-चौक

- ज्वैलर्स की दुकान से हुयी चोरी की घटना का किया गया सफल अनावरण।
- चोरी करने वाली एक नफर महिला अभियुक्ता को किया गया गिरफ्तार।
- कब्जे से चोरी की गयी ज्वैलरी (पीली धातु ) कुल बजन 629.6 ग्राम (कीमत करीब 70 लाख रुपये) बरामद।
- दिनांक 09.02.2025 को पीएल ज्वैलर्स की दुकान से महिला द्वारा की गयी थी ज्वैलरी की चोरी ।
- सर्विलांस सेल पश्चिमी जोन व थाना चौक पुलिस संयुक्त पुलिस टीम की सफलता।

**कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस आयुक्त, लखनऊ श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के द्वारा अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने एवं पूर्व में घटित घटनाओं का अनावरण किये जाने व वाँछित-वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु दिये गये आदेशो-निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त ((प0) व अपर पुलिस उपायुक्त (प0) के निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त, चौक के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक चौक के नेतृत्व में चौक पुलिस व सर्विलांस टीम पश्चिमी जोन की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत ज्वैलर्स की दुकान से हुयी ज्वैलरी की चोरी के अभियोग से संबंधित चोरी करने वाली वाली एक नफर महिला अभियुक्ता उम्र 50 वर्ष को अभिरक्षा में लिया गया ।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 09.02.2025 को वादी मुकदमा श्री कृष्णा रस्तोगी द्वारा लिखित तहरीर दी गयी थी मेरी पीएल ज्वैलर्स की दुकान से एक अज्ञात महिला द्वारा प्लास्टिक के डिब्बे में रखे छोटी नथ ,बडी नथ ,नथ की लडियाँ पीली धातु की जिसका बजन करीब 700 ग्राम शॉल के अन्दर छिपाकर चोरी कर लिया है ।

उपरोक्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर तत्काल मु0अ0सं0 30/25 धारा 305(क) बीएनएस विरुद्ध अज्ञात पंजीकृत किया गया है । उक्त घटना के अनावरण हेतु डीसीपी पश्चिमी द्वारा टीमों का गठन किया गया ।